कार्यालय- जिला एवं सेशन न्यायाधीश, धौलपुर

क्रमांक-स्था./2026/231 दिनांक- 20/11/2026

-: आदेश :-

माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर के आदेश क्रमांक 1139 दिनांक 05.11.2026 के द्वारा जयपुर न्यायक्षेत्र में पदस्थापित श्री अंकित कुमार शर्मा, लिपिक ग्रेड-II का धौलपुर न्यायक्षेत्र में पारिस्परिक अन्तर जिला स्थानान्तरण किया गया है।

उक्त आदेश की पालना में श्री अंकित कुमार शर्मा को अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, फागी, जिला जयपुर द्वारा जरिये आदेश क्रमांक 66 दिनांक 19.11.2026 को मध्याह्न पश्चात कार्यमुक्त कर दिया गया है और श्री शर्मा ने आज दिनांक 20.11.2026 को पूर्वाह्न में इस कार्यालय में अपनी उपस्थिति दे दी है।

श्री अंकित कुमार शर्मा, लिपिक ग्रेड-II का पदस्थापन न्यायालय अति. सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम-02, धौलपुर में लिपिक ग्रेड-II के रिक्त पद पर किया जाकर श्री योगेश सिंघल के कार्यग्रहण करने तक अभिलेखागार, बाड़ी में कार्य करने हेतु लगाया जाता है। श्री शर्मा का मूल पदस्थापन प्रभावित नहीं होगा।

प्रभारी अधिकारी अभिलेखागार, बाड़ी (अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम-1, बाड़ी) को निर्देशित किया जाता है कि वह श्री अंकित कुमार शर्मा की मासिक उपस्थिति की सूचना उनके मूल पदस्थापन न्यायालय को भिजवावें एवं श्री योगेश सिंघल के उपस्थित आने पर श्री अंकित कुमार शर्मा को उसी दिवस को मूल पदस्थापन न्यायालय के लिये कार्यमुक्त करें।

अति. सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम-02, धौलपुर को निर्देशित किया जाता है कि वह श्री अंकित कुमार शर्मा को प्रभारी अधिकारी अभिलेखागार, बाड़ी (अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम-1 बाड़ी) के लिये आज दिनांक 20.11.2026 को मध्याह्न में कार्य मुक्त करें।

श्री अंकित कुमार शर्मा को आज दिनांक 20.11.2026 को मध्याह्न पश्चात में इस कार्यालय से कार्यमुक्त कर निर्देशित किया जाता है कि वह अपनी उपस्थिति नवीन पद पर देवें।

अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, फागी, जिला जयपर के द्वारा कार्यमुक्त आदेश के आधार पर श्री अंकित कुमार शर्मा के पक्ष में 2.5 दिवस का आकस्मिक अवकाश शेष है।

जिला एवं सेशन न्यायाधीश
धौलपुर

क्रमांक:- स्था०/2026/ 3936-3942 दिनांक:- 20/11/2026

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्न को प्रेषित है:-

1. प्रभारी अधिकारी (लेखा शाखा), धौलपुर
2. प्रभारी अधिकारी अभिलेखागार, बाड़ी (अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम-1 बाड़ी)
3. अति. सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम-02, धौलपुर
4. श्री अंकित कुमार शर्मा, लिपिक ग्रेड-II
5. व्यक्तिगत पत्रावली श्री अंकित कुमार शर्मा
6. सिस्टम असिस्टेन्ट, जिला न्यायालय की बेवसाईट पर अपलोड करें।
7. आदेश/संबंधित पत्रावली

जिला एवं सेशन न्यायाधीश
धौलपुर